Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to give compensations to the families of farmers who allegedly lost their lives during agitation against three Farm Laws and to remove pending cases against farmers.

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर) : सभापति महोदय, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।…(व्यवधान)

सभापति महोदय, देश के अंदर जो किसान आंदोलन चला है, उस आंदोलन में किसानों ने बड़ा संघर्ष किया है। इस आंदोलन के दौरान 700 से भी ज्यादा किसानों ने अपनी शहादत दी है।…(व्यवधान) किसान आंदोलन के चलते जो एनडीए के सहयोगी दल थे, वे उनको छोड़कर चले गए हैं। उस दबाव के कारण तीनों कृषि बिलों को वापस लेना पड़ा, तीनों काले कानून रद्द हुए हैं।…(व्यवधान)

सभापति महोदय, इसमें 700 से भी ज्यादा किसानों ने अपने हक और अधिकारों के लिए शहादत दी है, इसलिए मेरी एक ही मांग है कि आप उनके परिवारों का सर्वे करवाइए और केन्द्र सरकार उनको मुआवजा देने का एलान करे।…(व्यवधान) इसके साथ ही साथ हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के किसानों पर जो मुकदमे दायर किए गए हैं, उन मुकदमों को भी वापस लिया जाए।…(व्यवधान)